हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 एडीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए



07 बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना शालेय खेल में फिसड्डी प्रदर्शन



खबर संक्षेप

31 अक्टूबर को पूर्ववत होगी जलापूर्ति

सागर। राजघाट जल आवर्धन परियोजना में 31 अक्टूबर को पेयजल आपूर्ति बंद होने के दौरान ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग का कार्य किया जाना था जो कि मौसम खराब होने तथा बारिश को देखते हुए ट्रांफर्मर मरम्मत कार्य स्थगित कर दिया गया है। सागर शहर और मकरोनिया की पेयजल सप्लाई पूर्व अनुसार की जावेगी।

ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। वेयरहाउस में भंडारित ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सील, भौतिक स्थिति और अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक श्री प्रमोद रजक एवं सहायक ईवीएम नोडल अधिकारी मुकेश पटेल भी मौजूद रहे।

शासकीय उचित मूल्य दुकान मालथौन का किया निरीक्षण

सागर। जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने सेवा सहकारी समिति मालथौन द्वारा संचालित शास. उचित मूल्य दुकान मालथौन क्र. 2 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मालथौन एसडीएम सुश्री मोना दांगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने राशन की उपलब्धता, नान से आवक एवं उठाव की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, स्टॉक-सूची तथा कुल पंजीकृत हितग्राहियों की पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान से मिलने वाले खाद्यान्न का भौतिक निरीक्षण किया एवं गुणवत्ता जाँची। साथ ही राशन वितरण व्यवस्था, वितरण की प्रक्रिया एवं तौल मशीन के सत्यापन की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने दुकान पर उपस्थित हितग्राहियों से संवाद कर उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले राशन की मात्रा, गुणवत्ता एवं नियमित वितरण के संबंध में जानकारी ली। निगरानी समिति के सदस्यों से चर्चा की एवं भवन की स्थिति का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि दुकान निर्धारित समय पर एवं नियमित रूप से खुली रखी जाए। सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्ता का खाद्यान्न ई-पॉज मशीन के माध्यम से समय पर वितरित किया जाए। खाद्यान्न की गुणवत्ता बनाए रखी जाए, खाद्यान्न का भंडारण सुरक्षित रूप से किया जाए तथा दुकान परिसर में साफ-सफाई रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निगरानी समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाए, शिकायत पुस्तिका उपलब्ध रखी जाए एवं भवन की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

बुंदेलखंड में प्रचलित बीमारियों पर होगा आधुनिक शोध

चिकित्सा शोध और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने डॉ. हरिसिंह गौर विवि और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बुंदेलखंड क्षेत्र में चिकित्सा अनुसंधान, उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर के बीच शुक्रवार को शोध, प्रशिक्षण एवं परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत दोनों संस्थान अपनी विशेषज्ञता, आधुनिक शोध सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों का संयुक्त उपयोग कर बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रचलित विभिन्न बीमारियों पर आधुनिक शोध करेंगे। साथ ही उनके कारणों, निदान और उपचार की नई संभावनाओं पर अध्ययन किया जाएगा। चिकित्सा विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, आनुवंशिकी, जीनोमिक्स, फार्मेसी और आणविक जीव विज्ञान के क्षेत्रों में संयुक्त शोध को प्रोत्साहन मिलेगा।

विश्वविद्यालय में आधुनिक शोध प्रयोग शालाएं और वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध हैं, वहीं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के पास अनुभवी चिकित्सकों की टीम, चिकित्सा सुविधाएं और मरीजों से संबंधित चिकित्सकीय जानकारी उपलब्ध है। दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता को जोड़कर प्रयोगशाला आधारित शोध और वास्तविक चिकित्सा समस्याओं के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। सभी शोध निर्धारित नैतिक एवं नियामक नियमों के अनुसार होंगे।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता प्रो. पी.एस. ठाकुर ने कहा कि इस एमओयू से नई दवाओं, उपचार पद्धतियों और बेहतर चिकित्सा विकल्पों पर शोध की संभावनाएं बढ़ेंगी। दोनों संस्थानों के विद्यार्थी, शोधार्थी और चिकित्सक एक-दूसरे के अनुभवों से लाभान्वित होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागेश दुबे ने इसे बुंदेलखंड में चिकित्सा अनुसंधान और वैज्ञानिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित आधुनिक शोध सुविधा एमडीआरयू संयुक्त शोध एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए उपयोगी साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच सहयोग से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा और उनमें शोध संबंधी कौशल विकसित होंगे।

एमओयू के समन्वयक प्रो. यू.के. पाटिल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्ष एवं अनुसंधान एवं विकास निदेशक प्रो. श्वेता यादव तथा मेडिकल कॉलेज की एमडीआरयू समन्वयक प्रो. श्वेता भटनागर एवं डॉ. शशि मार्को ने संयुक्त शोध परियोजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के माध्यम से इस सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

इस समझौते के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी विद्यार्थियों, मेडिकल इंटर्न, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण और संयुक्त शोध परियोजनाओं में भाग लेने के अवसर मिलेंगे। आधुनिक आणविक निदान, जीनोमिक्स और जैव सूचना विज्ञान जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. सी.पी. उपाध्याय, डॉ. दीक्षी अंगिरा, मेडिकल कॉलेज की डॉ. नीतू मिश्रा सहित दोनों संस्थानों के अनेक प्राध्यापक और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।यह एमओयू बुंदेलखंड की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान खोजने, चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा देने और विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



संजीव सिन्हा ने संभाला सागर एसपी का पदभार

सागर। संजीव सिन्हा ने शुक्रवार को सागर जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे 14वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ), ग्वालियर में सेनानी के पद पर पदस्थ थे तथा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। संजीव सिन्हा ने 1 जुलाई 1996 को उप पुलिस अधीक्षक के रूप में पुलिस सेवा प्रारंभ की थी। वर्ष 2016 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नत हुए। तीन दशक से अधिक के सेवाकाल में उन्होंने उज्जैन, इंदौर, अलीराजपुर, मंडला, सिंगरौली, धार, डिंडोरी और गुना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।वे संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत लाइबेरिया में डिप्टी ऑपरेशंस कोऑर्डिनेटर के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वहां 19 संयुक्त राष्ट्र पुलिस स्टेशनों और 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुलिस अधिकारियों के कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी संभाली।मार्च 2017 से मई 2022 तक लोकायुक्त संगठन में पुलिस अधीक्षक रहते हुए भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुना में पदस्थापना के दौरान हनुमान टेकरी डकैती मामले में 12 किलोग्राम चांदी बरामद कराने में भी योगदान दिया। वर्ष 2016 में सिंहस्थ मेले में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें सिंहस्थ ज्योति पदक से सम्मानित किया गया था।सागर में नई जिम्मेदारी के तहत उनका जोर कानून-व्यवस्था मजबूत करने, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण पर रहेगा।



योगाचार्य विष्णु आर्य से संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की आत्मीय भेंट

सागर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता योगाचार्य विष्णु आर्य से उनके निवास पर अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख मध्य क्षेत्र नरेंद्र जैन, अखिल भारतीय कुष्ठ निवारण केंद्र चांपा छत्तीसगढ़ के सुधीर देव, क्षेत्रीय समरसता संयोजक सुनील देव और पूर्व न्यायाधीश ओमप्रकाश सुनरया भोपाल ने आत्मीय भेंट की। इस दौरान उनके श्री आर्य के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।



स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, एलन मस्क का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वदेशी जागरण मंच ने स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा को भारत में संचालन की अनुमति देने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इस संबंध में मंच के जिला पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विदेशी उपग्रह इंटरनेट सेवाओं से जुड़े संभावित सुरक्षा जोखिमों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन स्थित कालीचरण चौराहे पर स्टारलिंक के मालिक एलन मस्क का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में कहा गया कि विदेशी उपग्रह इंटरनेट सेवाओं के संचालन से राष्ट्रीय सुरक्षा, संवेदनशील डेटा की गोपनीयता और देश की डिजिटल संप्रभुता से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े हो सकते हैं। इसलिए ऐसी सेवाओं को अनुमति देने से पहले उनके तकनीकी ढांचे, डेटा के नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जानी चाहिए। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक और संचार सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है, लेकिन इसके साथ देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भारत जैसे विशाल देश में संचार व्यवस्था केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी कंपनियों की सेवाओं पर निर्भरता बढ़ने से पहले सभी संभावित पहलुओं का परीक्षण जरूरी है।उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए स्टारलिंक को संचालन की अनुमति देने संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए तथा स्वदेशी संचार तकनीक और घरेलू कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि देश डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन के दौरान सौरभ राधेलिया, राजकुमार नामदेव, विनय मलैया, करण बहादुर श्रीवास्तव, अखिलेश समैया, प्रशांत जैन, रविन्द्र सिंह ठाकुर, पूनम तिवारी, दिनकर तिवारी, हार्दिक तिवारी, संजीव तिवारी, कैलाश तिवारी, प्रियांश दीक्षित, शांतनु भटेले, राजेश, सागर रैकवार और आदित्य सिंह लोधी सहित स्वदेशी जागरण मंच के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जहां स्वच्छता होती है, वहां आरोग्य और समृद्धि का वास : डॉ. प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारतीय स्त्रीशक्ति सागर एवं 33 एमपी बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहां आरोग्य और समृद्धि का वास होता है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर जीवन में जिज्ञासु और प्रश्नात्मक सोच विकसित करनी चाहिए। जब हम किसी विषय पर क्यों और कैसे जैसे सवाल करते हैं, तभी समस्याओं का समाधान खोज पाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का संबंध केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने से नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहने से भी है। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 33 एमपी बटालियन की कर्नल पुष्पा जोशी ने कहा कि आधुनिक और भागदौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण ही सशक्त समाज एवं समृद्ध राष्ट्र का आधार हैं। इसके लिए पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम और आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखना जरूरी है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रज्ञा उपाध्याय सहित एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन सुनीता दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

नवागत कलेक्टर दिलीप यादव ने किया कार्यभार ग्रहण



सागर। नवागत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सागर में विधिवत पदभार ग्रहण किया। दिलीप कुमार यादव 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर यादव ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में शासकीय कार्यों का निराकरण करने की अपेक्षा की। नवागत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव पदग्रहण पश्चात पहलवान बाबा मंदिर पहुंचे जहां दर्शन और विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

नवागत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किया एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण



सागर। जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेने और मैदानी स्तर पर कामकाज देखने के लिए मालथोन स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर यादव ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रिकॉर्ड रूम, न्यायालयीन प्रकरणों से जुड़ी फाइलों, और जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित और समय-सीमा के भीतर निराकरण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यालयीन कामकाज में अनुशासन, स्वच्छता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव , एसडीएम सुश्री मोना दांगी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

मालथौन में खेल परिसर और खुरई में आउटडोर स्पोर्ट्स फील्ड निर्माण के लिए 8.43 करोड़ के एस्टीमेट भेजे

सागर। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन में बहुउद्देशीय खेल परिसर हाल एवं बाह्य खेल मैदान के निर्माण तथा खुरई में आउटडोर स्पोर्ट्स प्ले फील्ड के निर्माण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग भोपाल ने 843.15 लाख के प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार कर खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र को प्रेषित किए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को भेजे गये पत्र के अनुसार मालथौन में बहुउद्देशीय खेल परिसर हाल एवं बाह्य खेल मैदान के निर्माण हेतु 612.63 लाख तथा खुरई में आउटडोर स्पोर्ट्स प्ले फील्ड के निर्माण हेतु 230.52 लाख के एस्टीमेट प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

कलेक्टर पहुंचे मालथौन, जन विश्वास शिविर में सुनी आमजनों की समस्याएं, कहा...

राजस्व प्रकरणों की होगी मॉनिटरिंग, प्रकरणों की पेंडेंसी जीरो करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत मालथौन स्थित बस स्टैंड परिसर में खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नवागत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव भी पहुंचे। उन्होंने शिविर में आए आमजनों से व्यक्तिगत रूप से आवेदन लिए, उनसे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर की प्रमुख विशेषता है कि शिविर में शासन-प्रशासन यानी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन के आवेदन लेकर उनका निराकरण एक ही स्थान पर किया जाता है। जिससे एक ओर प्रशासन की कार्यकुशलता बढ़ती है तो दूसरी ओर आमजन को उनकी समस्याओं का समाधान मिलता है।

कलेक्टर यादव ने जिला प्रशासन का आगामी विजन बताते हुए कहा कि शिविर में आए आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्व विभाग संबंधी समस्त प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में जो आवेदन त्वरित निराकृत होने योग्य होंगे उनका निराकरण आज ही किया जाएगा, वहीं अन्य आवेदनों का निराकरण 7 से 15 दिवस की समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। साथ ही विकासखंड स्तर पर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए पेंडेंसी शून्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में आए आवेदनों का विधिवत संधारण करने, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करने तथा निराकृत आवेदनों की जानकारी का आगामी समय-सीमा बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, मालथौन एसडीएम सुश्री मोना दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /69 **सूचना** सागर दिनांक 28/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रकरण कमांक	वार्ड का नाम म.न./प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1361 26/27	रविशंकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	अर्चित पिता संतोष कुमार जैन	शिवांश पिता दीपक मिश्रा
1362 26/27	जवाहरगंज	रजि. बैनामा शपथ पत्र	कपिल कुमार पिता दशरथलाल केशरवानी	नवीन कुमार पिता दशरथलाल केशरवानी
1363 26/27	जवाहरगंज	रजि बैनामा शपथ पत्र	मदनलाल पिता दशरथलाल केशरवानी	नवीन कुमार पिता दशरथलाल केशरवानी
1364 26/27	विट्ठल नगर	रजि बैनामा शपथ पत्र	हरकोबाई पति गोकल पटेल	शमा पति अब्दुल अजीज
1365 26/27	विट्ठल नगर	रजि बैनामा शपथ पत्र	हरकोबाई पति गोकल पटेल	शमीना बानो पति अब्दुल रहमान बहना
1366 26/27	तिलकगंज	रजि बैनामा शपथ पत्र	रघुनंदन पिता बलराम कुर्मी एवं अभिलाष सिंह पिता शिवराज सिंह सेंगर	शिवरानी पति मूगालाल कुशवाहा
1367 26/27	तिलकगंज	मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र	स्व. लक्ष्मण पिता रामनाथ रैकवार	शारदा पति स्व. लक्ष्मण एवं शुभम तथा हरिओम दोनों पिता स्व. लक्ष्मण रैकवार
1368 26/27	तिलकगंज	मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र	स्व. मन्नू पिता रमन सिंह गोंड	गोपीबाई पति स्व. मन्नू एवं अरविन्द सिंह, अजय गौड़, बबली, वर्षा, सभी पुत्र/पुत्री स्व. मन्नू सिंह गौंड
1369 26/27	शास्त्री	रजि. वसीयत, मृत्य प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	रामस्वरूप पिता धर्मदास चौधरी	प्रियेश पिता अशोक कुमार उपाध्याय
1370 26/27	अम्बेडकर	मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र	स्व. भावसिंह पिता स्व. भबूदे घोषी	खड़क सिंह पिता स्व. भावसिंह घोषी

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

प्रयागराज-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन 2026, सपा की पुन: जीत

स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत, दूसरी बार डॉ यादव विजयी

डॉ. मानसिंह यादव ने भाजपा को चटाई धूल, यूजीसी का छाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन 2026 में समाजवादी पार्टी ने ऐतिहासिक और प्रचंड जीत दर्ज कर भाजपा के सियासी किले को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। यू जी सी और शिक्षित युवाओं के आक्रोश के आगे सत्ता पक्ष की तमाम किलेबंदी ढह गई। समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। इस शानदार विजय से साबित हो गया है कि प्रदेश का प्रबुद्ध, युवा और स्नातक वर्ग अब बदलाव के मूड में है और उसने समाजवादी पार्टी की नीतियों पर खुला भरोसा जताया है।

ललितपुर में सपा का अभूतपूर्व प्रदर्शन

जनपद ललितपुर में समाजवादी पार्टी की मजबूत जमीनी पकड़ साफ तौर पर नतीजों में परिलक्षित हुई। राजनीतिक जानकारों के अनुसार ललितपुर से कुल पड़े करीब 5,565 मतों में से समाजवादी पार्टी को एकतरफा लगभग 3,500 मत हासिल हुए, जबकि सत्ताधारी भाजपा प्रत्याशी करीब 1,500 वोटों पर ही सिमट कर रह गए। शेष में शिवशंकर पटेल को करीब 300 वोट मिले और लगभग 200 मतपत्र निरस्त रहे। इस आंकड़े ने साबित कर दिया कि बुंदेलखंड के स्नातकों ने भाजपा की नीतियों को सिरे से खारिज कर सपा की लाल टोपी पर भरोसा जताया है।



आंकड़ों में सपा का दबदबा

निर्वाचन में कुल 1,09,482 मतपत्रों की गणना हुई, जिसमें 9,596 मतपत्र निरस्त पाए गए। पहली वरीयता के मतों से ही सपा प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने निर्णायक बढ़त बना ली, जो अंत तक बढ़ती ही चली गई।

- डॉ. मानसिंह यादव (सपा) 60,358 मत (विजेता)
- अशोक कुमार राठौर (भाजपा) 32,695 मत
- शिवशंकर पटेल (निर्दलीय) 3,949 मत
- मानसिंह यादव (निर्दलीय/हमनाम) 829 मत
- अस्वीकृत मतपत्र: 9,596
- जीत का अंतर 27,663 मत

यूजीसी विवाद और कोर वोटर की नाराजगी पड़ी भारी

चुनावी समीक्षा में यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर आई है कि भाजपा को अपनी ही सरकार की नीतियों के चलते भारी नुकसान उठाना पड़ा। विशेषकर यूजीसी कानून को वापस न लिए जाने से शिक्षकों, शोधार्थियों और प्रबुद्ध समाज में भारी नाराजगी थी। भाजपा जिस सवर्ण वर्ग को अपना कोर वोटर मानती रही, उस शिक्षित सवर्ण मतदाता ने सत्ता की नीतियों के खिलाफ मतदान केंद्रों से दूरी बनाकर अपना रोष जाहिर किया। रही-सही कसर युवाओं ने सपा के पक्ष में मतदान कर पूरी कर दी।

सपा जिलाध्यक्ष ने दिखाया अपना सियासी कौशल

ललितपुर में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल यादव की संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक कौशल का लोहा मनवा दिया है। 2025 के नगर पालिका उपचुनाव में दमदार उपस्थिति के बाद अब 2026 के स्नातक चुनाव में भी नेपाल यादव की व्यूह रचना पूरी तरह सटीक बैठी। उनके कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जिस आक्रामकता और एकजुटता के साथ काम किया, उसी का परिणाम है कि जिले में भाजपा को बुरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया गया। इस जीत के बाद जिले में नेपाल यादव का कद और प्रभाव और अधिक मजबूत हो गया है।

नए क्षेत्रीय अध्यक्ष की शुरुआत में ही छीछालेदर, भाजपा के कागजी शेर ढेर

भाजपा ने यह चुनाव अपने हाल ही में मनोनीत कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के नेतृत्व में लड़ा था। स्थानीय संगठन और सोशल मीडिया पर अपनी पीठ थपथपाने वाले तथाकथित ह्यस्टार प्रचारकह्न जमीनी धरातल पर महज कागजी शेर साबित हुए। संगठन की अंतर्कलह और स्थानीय नेताओं की लापरवाही ने नए क्षेत्रीय अध्यक्ष की साख पर गहरा बट्टा लगाया है। पार्टी के भीतर ही अब स्थानीय रणनीतिकारों और पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं और माना जा रहा है कि इस लचर प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार नेताओं को शीर्ष नेतृत्व के गुस्से और कोपभाजन का शिकार होना पड़ेगा।

सदर विधायक की छवि को झटका 2027 की दावेदारी पर संकट

इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक नुकसान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को उठाना पड़ा है। स्नातक एमएलसी चुनाव में अधिकांश मतदाता शहरी, शिक्षित और मध्यम वर्ग से आते हैं। शहरी क्षेत्र का यही प्रबुद्ध मतदाता जब भाजपा से पूरी तरह छिटक गया, तो इसने स्थानीय विधायक के कामकाज और उनकी पकड़ की पोल खोल कर रख दी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस करारी हार का सीधा असर रामरतन कुशवाहा की छवि पर पड़ेगा और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में उनकी टिकट दावेदारी पर तलवार लटकना तय है।

जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

एडीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत सुपर मार्केट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण का एडीएम दिनेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के कार्य को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने और निर्धारित समय के भीतर प्रशिक्षण पूरा कराने पर जोर दिया। कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की विकास योजनाओं, नीतियों के निर्धारण और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में पूरी गंभीरता के साथ प्रतिभाग करना चाहिए। उन्हें जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, दिशा-निर्देशों और निर्धारित कार्यप्रणाली की समुचित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए, ताकि आगामी जनगणना का कार्य व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्य के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का उद्देश्य जनगणना-2027 के कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना प्रभारी प्रत्यूष यादव, जनगणना लिपिक हबीब खान, जनगणना सहायक लिपिक अमित पाराशर, मास्टर ट्रेनर अंकित सिंह एवं प्रत्यूष पंचौरी, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह, आदर्श रावत, सौरभ चौरसिया, अनिल कुमार विश्वकर्मा, भगवान सिंह, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

39 बोरी डीएपी और 15 बोरी यूरिया बरामद

मध्यप्रदेश ले जाई जा रही डीएपी व यूरिया से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में खाद की कालाबाजारी और अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चल रही कार्रवाई के बीच राजघाट चौकी पुलिस ने मध्य प्रदेश की सीमा के पास चेकिंग के दौरान खाद से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। ट्रॉली में डीएपी और यूरिया खाद लदी हुई थी, जिसे कथित तौर पर अवैध रूप से मध्य प्रदेश ले जाया जा रहा था। मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर और जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने खाद और ट्रैक्टर-ट्रॉली को अभिरक्षा में लेकर जांच शुरू कर दी है। बीती 28 अक्टूबर को थाना कोतवाली क्षेत्र की राजघाट चौकी पुलिस मध्य प्रदेश की सीमा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान खाद से लदी एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। वाहन पर बड़ी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद लदी मिली।

तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इसकी सूचना मिलने पर जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया ने अपर जिला कृषि अधिकारी और प्रधान सहायक को मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान वाहन में मौजूद लोगों से खाद की खरीद से संबंधित कैश मेमो और पीओएस मशीन से जारी बिल मांगे गए, लेकिन वे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में बताया गया कि खाद ललितपुर में नवीन मंडी के सामने स्थित एक उर्वरक की दुकान से अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से लाई गई थी। दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने और खाद के परिवहन को लेकर अनियमितताएं सामने आने पर खाद सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को राजघाट चौकी की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने कुल 54 बैग उर्वरक बरामद किए। इनमें अन्नदाता ब्रांड की डीएपी खाद के 39 बैग और चंबल ब्रांड की यूरिया खाद के 15 बैग शामिल हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉली भी कब्जे में ली गई, जिसका चेसिस नंबर बताया गया है। जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद किया है।

विरोध करने पर धमकी देकर भागे

जिजयावन में घर के पास अभद्रता कर मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जिजयावन में आपसी विवाद को लेकर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने घर के पास पहुंचकर विवाद किया और बीच-बचाव करने आई महिला तथा उसके भतीजे के साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिजयावन निवासी लक्ष्मीशंकर पुत्र प्रतिपाल सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को दोपहर करीब 3.30 बजे गांव के ही मोहर सिंह और उसके परिवार के अन्य सदस्य उनके घर के पास पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। लक्ष्मीशंकर की पत्नी प्रेमकुंवर जब बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। यह देखकर पीड़ित का भतीजा आकाश भी बीच-बचाव करने आया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जिजयावन निवासी मोहर सिंह पुत्र केरन सिंह, उसकी पत्नी हरकुँवर, पुत्री दीक्षा, पुत्री मधू तथा श्रीवाई पत्नी मुन्नाराजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

सरकारी खजाने को सवा चार करोड़ की चपत

किस्तें डकार गए लाभार्थी, डूडा की सुस्त निगरानी पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गरीबों के सिर पर छत मुहैया कराने के दावों वाली प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) प्रशासनिक लापरवाही और फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ती दिख रही है। ललितपुर जिले में 496 ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ सरकारी खजाने से 4.60 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम तो निकाल ली गई, लेकिन जमीन पर मकान की एक ईंट तक नहीं रखी गई। अब जब पानी सिर से ऊपर निकल चुका है, तब जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) वसूली के लिए तहसील स्तर पर आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी कर अपनी पीठ थपथपाने में जुटा है। योजना के क्रियान्वयन में सबसे बड़ा झोल भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) के स्तर पर उजागर हुआ है। नियमों के मुताबिक, आवास निर्माण की प्रगति के जियो-टैगिंग और स्थलीय निरीक्षण के बाद ही अगली किस्त जारी की जाती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जिन 205 लाभार्थियों ने नींव तक का काम पूरा नहीं किया था, उन्हें दूसरी किस्त के तौर पर 2-2 लाख रुपये की रेवड़ी कैसे बांट दी गई? क्या यह सिर्फ लाभार्थियों की मनमानी है या फिर विभागीय अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से कागजों पर ही निर्माण दिखाकर करोड़ों की राशि हड़प ली गई? 291 लाभार्थियों ने पहली किस्त के 50-50 हजार रुपये (कुल 1.45 करोड़ रुपये) लेकर काम शुरू तक नहीं किया, जबकि 205 लाभार्थियों ने दूसरी किस्त का लाभ भी उठा लिया। कई महीनों तक नोटिस भेजने और समझाने-बुझाने का तमाशा चलता रहा, जबकि नियमानुसार समय रहते निर्माण न होने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए थी। अब पोर्टल से नाम काटकर और आरसी जारी कर विभाग केवल अपनी विफलता पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। ललितपुर नगर पालिका, महरौनी, पाली और तालबेहट में 501 आवास आज भी अधूरे पड़े हैं। यह स्थिति उन वास्तविक और जरूरतमंद गरीबों के साथ खुला धोखा है, जो वर्षों से एक अदद पक्के मकान के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

इनका कहना है...

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों ने शासन से पहली और दूसरी किस्त की धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आवास निर्माण नहीं कराया। कई बार नोटिस जारी करने और समझाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। इसलिए धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी की गई है।

दिनेश कुमार विश्वकर्मा
डूडा विभाग नगरपालिका ललितपुर

एसपी व एएसपी ने कंधे पर तीसरा स्टार लगाया

पदोन्नति, दो उपनिरीक्षकों को मिला निरीक्षक पद, दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद ललितपुर पुलिस विभाग में पदोन्नति के क्रम में उपनिरीक्षक सुजीत मिश्रा और उपनिरीक्षक सियाराम वर्मा को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने दोनों पुलिस अधिकारियों के कंधों पर तीसरा स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक पद की नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उपनिरीक्षक सुजीत मिश्रा वर्तमान में पुलिस लाइन ललितपुर में तैनात हैं, जबकि उपनिरीक्षक सियाराम वर्मा थाना कोतवाली तालबेहट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पदोन्नति के बाद दोनों अधिकारियों के कंधों पर निरीक्षक पद का तीसरा स्टार लगाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने दोनों अधिकारियों को बधाई दी। अधिकारियों में खुशी का माहौल रहा। पुलिस में पदोन्नति अधिकारियों की सेवा व जिम्मेदारियों का विस्तार का महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जाता है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 259/2026 में वांछित अभियुक्त ग्राम तेरा निवासी आनंद अहिरवार उर्फ आना भाई को पकड़ा है। उक्त मामले में बीएनएस की धारा 64(1), 74, 333, 352 और 351(3) के तहत अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष बानपुर उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ की। इसके बाद अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बजरंग सेना जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में सभी बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा जिसमें अवगत कराया गया कि विगत सोमवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था लेकिन एसडीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री के आदेश को दरनिकार करते हुए स्कूल को खुला रखा और बच्चों एवं स्टाफ को स्कूल में बुलाकर विद्यालय के निजी कार्य करवाए गए। मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना एक अपराध है।

ज्ञापन में बताया गया कि महर्षि वाल्मीकि हमारे हिन्दू धर्म के पूजनीय ऋषि है जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की है जिनकी जयंती सामूहिक रूप से शहर में मनाई जाती है पर विद्यालय खुलने से बच्चे और अध्यापक इससे वंचित रहे। ये मिशनरी स्कूल हमेशा ये हिन्दू धर्म विरोधी कार्यों में लिप्त रहा है समय समय पर अनेक मामले धर्म संस्कृति हिंदुत्व विरोधी गतिविधियां स्कूल में होती रही है जिनका पहला भी विरोध हुआ है बजरंग सेना संगठन ने जिला विद्यालय निरीक्षक से इस मामले पूर्ण रूप से निष्पक्ष जांच करते हुए जल्द से जल्द विद्यालय प्रबंधन पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र नायक, जिला महामंत्री राजाराम साहू, जिला सह संयोजक संजू सेन बुढवार, जिला संगठन महामंत्री संतोष कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

हिंदू संगठनों ने घंटाघर पर प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी

दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के मोहल्ला रावतयाना में बीते रोज दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई से संतुष्ट न हुए एक पक्ष के साथ हिंदू संगठनों बुधवार को घंटाघर पर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की है। काफी समय प्रदर्शन चलने के बाद सदर एसडीएम पटेल सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने मौके पर पहुंच कर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों व पीड़ित पक्ष को न्याय उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाने के उपरांत प्रदर्शन समाप्त हो गया।

नगर के मोहल्ला रावतयाना निवासी फरान पुत्र बबलू फरद खान व उसके परिजनों पर मोहल्ले में रहने वाले रंजीत पुत्र लखन नामदेव व उसके परिजनों ने मारपीट कर घर छोडक़र भाग जाने के गंभीर आरोप लगाये थे। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायती पत्र पर दोनो पक्षों के



खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की गयी थी। लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से रंजीत व उसके वृद्ध माता पिता संतुष्ट नही थे। यह जानकारी लगते ही हिंदू संगठन सामने आ गये, राष्ट्रीय बजरंग दल, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं के साथ रंजीत के परिजनों के साथ घंटाघर पर जा पहुंचे। जहां पीड़ित पक्ष के साथ प्रदर्शन शुरू करते हुये पुलिस प्रशासन की कार्यवाही को महज खानापूर्ति बताते हुये नाराज होकर जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के दौरान यातायात व्यवस्था काफी समय तक बाधित रही। लोगो को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ा, कोतवाली पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह अपने मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे। सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को न्याय उचित कार्यवाही का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन आखिरकर समाप्त हो गया।

दो पदाधिकारियों में हुआ विवाद

घंटाघर पर हिंदू संगठनों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान अचानक पुतला जलाने को लेकर दो पदाधिकारियों के बीच विवाद हो गया। आपसी विवाद के बाद पुतला दहन करने की योजना विफल हो गयी। हिंदू संगठनों द्वारा शिकायकर्ता की शिकायत पर की गयी पुलिस द्वारा कार्यवाही को लेकर आक्रोशित होने की बात कही गयी है।

एक व्यक्ति के साथ मारपीट की चर्चा

बताया जा रहा है कि घंटाघर पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा घंटाघर पर आकर विरोध करने पर हिंदू संगठन के एक व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट कर देने की भी चर्चा जोरों पर बनी हुई है। फिलाहल इस बात को लेकर पुलिस व हिंदू संगठनों के पदाधिकारी चुप्पी साधे हुये है।

नगर पालिका से की कार्रवाई की मांग

रावतयाना गोविंद नगर में आवारा कुत्तों का बच्चों व बुजुर्गों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के वार्ड नंबर 23 स्थित रावतयाना गोविंद नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से मोहल्लेवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में घूम रहे कुछ आवारा कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों को काट रहे हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है और अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कुत्तों के हमले की आशंका के चलते अब बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में भी डर लग रहा है।

स्थिति यह है कि गुरुवार को कई अभिभावक डंडे लेकर बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे, ताकि रास्ते में आवारा कुत्तों से बच्चों की सुरक्षा कर सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी



बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि वार्ड नंबर 23 के रावतयाना गोविंद नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों की समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। लोगों ने संबंधित कर्मचारियों को भेजकर स्थिति का जायजा लेने और बच्चों, बुजुर्गों सहित अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि आवारा कुत्तों के कारण रोजमर्रा के कामकाज और बच्चों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

राज्य स्तरीय टीम में श्योपुर सहित ग्वालियर संभाग का एक भी खिलाडी नहीं

बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना शालेय खेल में फिसड्डी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवानाग्र वाली कहावत श्योपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित अंडर 17 साल शालेय राज्य स्तरीय फुटबाल टीम के प्री प्रशिक्षण के दौरान देखने को मिली। इस प्रशिक्षण को श्योपुर जिले के ट्रेंड खेल प्रशिक्षकों की निगरानी के बीच आयोजित कराया गया।

उद्देश्य था कि जो राज्य स्तरीय टीम चुनी गई है वो देश के अन्य प्रदेश से चुनकर आई टीम को हराकर मध्यप्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीत सके। चार दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में खेल प्रशिक्षकों की भीड़ तो खूब दिखी जिन्होंने कभी फुटबाल को किक तक नहीं किया वो भी खिलाड़ियों को बोल, गोल पोस्ट में कैसे डाले बताते रहे लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि श्योपुर के खेल मैदान पर जिले के प्रशिक्षकों से जिन खिलाड़ियों नें खेल की बारीकियां सीखी उस टीम मे एक भी खिलाडी श्योपुर का नहीं था श्योपुर की बात तो छोड़ो पूरे ग्वालियर संभाग से एक भी खिलाडी इस 16 सदस्यों वाली टीम में शामिल नहीं हुआ है। क्योंकि संभाग स्तर पर आयोजित की गई प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग के सभी 8 जिलों में से एक खिलाडी भी ऐसा नहीं मिला जिसका चयन राज्य स्तर की इस टीम मे हो सके।

26 से 30 अक्टूबर तक वीर सावरकर स्टेडियम पर आयोजित हुई हुए प्री-प्रशिक्षण शिविर में राज्य स्तर की स्कूली बच्चों की टीम ने बलिया (यूपी) में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता से पहले खेल की बारीकियां सीखी शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की इस दौरान कई खेल प्रशिक्षक है जो श्योपुर जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ हैं ने बताया कि खिलाड़ी बीते चार दिनों से लगातार पसीना बहाकर प्रशिक्षण ले रहे हैं उनमें जो कमियां थीं उसे दूर की गई है। ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जब देश के अन्य प्रदेशों से चयनित होकर आई टीमों से मध्य प्रदेश की टीम का मुकाबला हो तो हमारे प्रदेश के टीम किसी से कम ना पड़े। ज्ञात हो कि 70वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता (आयु-17 वर्ष बालक वर्ग) 2 से 6 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित होगी।



जिला खेल संघ ने जताई चिंता

जिला खेल संघ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि शासन को संभाग स्तर पर विशेष फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर लगाकर बच्चों को तैयार करना चाहिए, ताकि अगली बार ग्वालियर संभाग का भी प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हो सके। श्योपुर जिले में जहां वीर सावरकर स्टेडियम पर राज्य स्तर के स्टेडियम के सुविधा प्राप्त थे वही ढेंगदा में आदिम जाति कल्याण विभाग के स्टेडियम के एथलेटिक ट्रैक को अंतरराष्ट्रीय स्तर का विकसित किया गया है ऐसे खेल मैदान के बाद भी खिलाड़ियों को तैयार नहीं कर पाएंगे तो फिर कहां कर पाएंगे।

प्रदेश के सबसे बड़े संभाग से एक भी खिलाड़ी का चयन नहीं

शिक्षा विभाग का ग्वालियर संभाग प्रदेश का सबसे बड़ा संभाग हैं जिसमें 8 जिले शामिल हैं और किसी संभाग में इतने जिले शामिल नहीं हैं। ग्वालियर संभाग में श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया और गुना जिले आते हैं। इन 8 जिलों में हजारों स्कूली बच्चे फुटबॉल खेलते हैं, कई जिलों में संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं भी हुईं, बावजूद इसके राज्य स्तरीय चयन सूची में संभाग का नामोनिशान तक नहीं है। इस पर विचार करने की जरूरत है कि क्या खेल के नाम पर जो राशि खर्च की जा रही है वह सही दिशा में खर्च हो रही है या नहीं जिन खेल प्रशिक्षकों को शिक्षा विभाग ने नियुक्त किया है वह अपने कर्तव्य के प्रति संवेदनशील हैं या सिर्फ सरकारी नौकरी के हिसाब से समय पास कर रहे हैं?। खेल प्रेमियों और अभिभावकों में इसे लेकर भारी निराशा है। स्थानीय प्रशिक्षकों का कहना है कि संभाग में प्रतिभा की कमी नहीं है, कमी है तो संसाधन, नियमित कोचिंग और सही प्लेटफार्म की। श्योपुर जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले में जहां सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बना रही है, वहां से एक भी बच्चा राष्ट्रीय स्तर तक न पहुंच पाना सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।

इनका कहना...

राज्य स्तरीय अंडर 17 बालक फुटबाल टीम का चार दिवसीय प्रशिक्षण 26 से 30 अक्टूबर तक श्योपुर में आयोजित किया गया था। यह प्रशिक्षण चयनित खिलाड़ियों के लिए था। ग्वालियर संभाग के खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं हो सके है इस पर ध्यान दिया जाएगा।

यश जैन
डीईओ श्योपुर

आवदा में निकाला संघ का पथ संचलन

देश भक्ति गीतों पर स्वयंसेवकों ने किया कदम ताल, लोगों में जगाई राष्ट्रभक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन दिनों जिलेभर में पथ संचलन निकाले जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को आवदा में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवको ने देश भक्ति गीतों पर अपने कदम ताल मिलाते हुए जहां लोगो में राष्ट्रभक्ति जगाई,वहीं अनुशासन और एकजुटता के साथ रहने का संदेश दिया है।

बडौदा खंड के अंतर्गत आने वाले आवदा में शुक्रवार को पथ संचलन के लिए सभी स्वयंसेवको का एकत्रीकरण शासकीय हाईस्कूल परिसर में हुआ। पथ संचलन से पहले बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला सह कार्यवाह धर्मेन्द्र गौतम मुख्य वक्ता के रूप में तथा खंड संघ चालक मुकुट धाकड विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। मुख्य वक्ता धर्मेन्द्र गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता और सामूहिक प्रयासों से समाज में बेहतर परिवर्तन लाए जा सकते हैं। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के जरिये लोगों को संघ की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद पथ संचलन आरंभ हुआ, जो मालीपुरा रोड से गांव के प्रमुख मार्ग और आदिवासी बस्ती से होता हुआ वापस हाईस्कूल परिसर में आकर सम्पन्न हुआ।

वार्ड 10 में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 10 में विभिन्न निर्माण कार्य का भूमि पूजन नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने शुक्रवार को किया। यह काम वार्ड पार्षद वंदना विकास अग्रवाल की अनुशंसा पर स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें नाली, सीसी रोड निर्माण इत्यादि शामिल है।

पार्षद वंदना विकास अग्रवाल ने बताया कि करीब 30 लाख रुपए से स्वीकृत कामों में निसार के मकान से नहर तक एवं प्रशांत गौत्तम से मतीन बाबू के मकान तक एवं विभिन्न गलियों में सीसी रोड एवं निर्माण कार्य शामिल है। इस दौरान आयोजित हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा गोरी शंकर मीणा, दिनेश दुबोलिया, निर्माण समिति चेयरमेन प्रतिनिधि ओपी सिकरवार, रोहित गौत्तम (टोनू), जुगल मेहरा, वरिष्ठ पार्षद बंटी आर्य, राम सिंह प्रजापति, शेरू धूलिया, गुलाब राजोरिया एवं वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

कचरा डालने की बात पर जैनी में चले लाठी फरसे, एक ही परिवार के 11 लोग घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जैनी की गुर्जर बस्ती में गुरूवार की शाम को नाले पर रखी एक पक्ष की लकड़ियों पर दूसरे पक्ष के द्वारा कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि एक पक्ष के लोगो ने एक राय होकर दूसरे पक्ष के लोगो पर लाठी,कुल्हाडी, फरसो से हमला बोल दिया। विवाद के दौरान एक ही परिवार के 11 लोग घायल हो गए। जिनमें चार महिलाएं भी शामिल है, सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने 8 लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मानपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जैनी की गुर्जर बस्ती मे कमल गुर्जर के परिवार के लोगो ने वहां बने नाले पर लकडियां रख रखी थी। जिन पर दूसरे पक्ष के लोग कचरा डालते थे। जिसकी मना करने की बात पर पहले महिलाओ के बीच विवाद हुआ,इसके विवाद में पुरूष भी कूद पडे और एक पक्ष के लोगो ने एक राय होकर दूसरे पक्ष के लोगो ने हमला बोल दिया। इस विवाद में कमल गुर्जर समेत उसके परिवार के 11 लोग घायल हो गए,जिनमें रामचरण, जुगराज, मोहन, गिर्राज, लख्मीचंद, विजेन्द्र, मनभर बाई, रामघडी बाई, जगनाथी बाई, संतरा बाई शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कमल गुर्जर पुत्र रामचरण गुर्जर की रिपोर्ट पर जुगराज गुर्जर, रामहेत गुर्जर, लाखन गुर्जर, कमल गुर्जर, रूप सिंह गुर्जर, हनुमान गुर्जर, धनराज गुर्जर, रामसिंह गुर्जर के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मोहन सिंह ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के पाली रोड क्षेत्र में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती मोहन सिंह जाट ने शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियो के बीच फांसी लगा ली। हालांकि नशा मुक्ति केन्द्र में तैनात अमला मोहन सिंह को फांसी के फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल भी लेकर पहुंचा,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने चैकअप के दौरान मोहन सिंह केा मृत घोषित कर दिया।कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम राडेप निवासी मोहन सिंह 48 वर्ष पुत्र तुलसीराम जाट नशा करने का आदी था,इसलिए परिवार के लोगो के द्वारा उसे नशे की लत छुडाने के लिए श्योपुर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती करा दिया। कुछ दिन भर्ती रहने के बाद मोहन सिंह ने शुक्रवार को मौका देखकर नशा मुक्ति केन्द्र में ही फांसी लगा दी। जब तक इसका पता मौके पर तैनात स्टाफ को लगा और स्टाफ आनन फानन में उसे फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचा,तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित किए जाने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर लिया और पीएम के लिए शव को पीएम हाउस में रखवा दिया और अब पीएम शनिवार को किया जाएगा।

रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

श्योपुर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे पीजी कॉलेज पाली रोड से पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाडी, विद्यार्थी सहित अधिकारी, कर्मचारी भाग लेंगे। रन फॉर यूनिटी आयोजन की तैयारियों को लेकर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा, महाविद्यालय, खेल विभाग, नगरपालिका, यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

ईश्वर बने भाजपा मोर्चा जिलाध्यक्ष समर्थकों ने की खूब आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विगत लंबे समय से भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के खाली पद को भरे जाने की उम्मीद में जो युवा कार्यकर्त्ता अपनी पदस्थी की उम्मीद लगाए हुए थे उस पर बना सस्पेंस बीती रात तब खत्म होता दिखा जब इस महत्वपूर्ण पद पर ईश्वर चौधरी की नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व नें कर दी। युवा मोर्चा के श्योपुर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने के बाद ईश्वर चौधरी समर्थकों ने शहर में जमकर आतिशबाजी की और भाजपा समर्थन में नारे लगाए।

अपनी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष का आभार जताने पहुंचे ईश्वर चौधरी का भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण नें माला पहनाकर स्वागत किया और उनसे उम्मीद जताई कि वह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता का पहुंचाने में जनमानस का सहयोग करेंगे और विपक्ष द्वारा जो झूठा प्रपंच सरकार को बदनाम करने के लिए रचा जा रहा है उसे विफल करने में सहभागी बनेंगे। चौधरी के आलावा जिला महामंत्री पद पर अभिषेक जांगिड़ की भी नियुक्ति की गई है।

बड़ौदा में कलेक्टर का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित,दिलाया पराली न जलाने का संकल्प

जनसंवाद में उठी बड़ौदा में सिविल अस्पताल खोलने की मांग, कलेक्टर ने दिए परीक्षण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा में शुक्रवार को नगर परिषद बडौदा के तत्वावधान में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर शीला दाहिमा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जहां उपस्थित समुदाय को हाथ उठाकर पराली न जलाने का संकल्प दिलाया, वहीं पोषण जोड़ो-पुड़िया छोड़ो अभियान के तहत पोषण स्वास्थ्य, बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दो पर भी समुदाय के साथ चर्चा करते हुए उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। जनसंवाद के दौरान बडौदा के लोगो ने बडौदा में 100 विस्तरीय सिविल अस्पताल खोले जाने की मांग प्रमुखता से उठाई तो कलेक्टर शीला दाहिमा ने संबंधित अधिकारियों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल खोले जाने के संबंध में भौगोलिक स्थिति तथा स्वास्थ्य मानको के अनुरूप परीक्षण कराने निर्देश दिए।

नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा नागरिकों से वन टू वन चर्चा करते हुए उनकी मांगो ओर समस्यों का समाधान किया गया। वाल्मिकी बस्ती में नाला व सडक निर्माण संबंधी मांग पर कलेक्टर ने नगर परिषद के अधिकारियों को सर्वे कराने तथा मांग अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, वहीं नगरपरिषद बडौदा अंतर्गत मौजूद प्लाट और मकानों की संपदा 2.0 पोर्टल पर लोकेशन के सुधार के संबंध में पीओ डूडा और रेवेन्यू अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही क्रियेटिव श्योपुर के क्रम में क्रियेटिव बडौदा चेप्टर शुरू करने की मांग पर एसडीएम गगन सिंह मीना को कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही योजनाओं में लाभ का वितरण करने की कार्यवाही की गई। जनसंवाद के दौरान सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम गगन सिंह मीना, डिप्टी कलेक्टर मेघा तिवारी, नगरपरिषद अध्यक्ष भरोसी बाई सुमन, उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा, पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष डॉ गोपाल आचार्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश चैहान, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जगदीश गौड, सांसद प्रतिनिधि राजू सुमन, पार्षदगण बद्री सोनी, भारत भूषण बैरवा, महावीर नागर, मनीषा जाटव, वरिष्ठ पार्षद संगीता शर्मा सहित अन्य पार्षदगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहें।



एसडीएम के नेतृत्व में पराली जलाने की घटना पर त्वरित कार्रवाई

जिले में पराली प्रबंधन के तहत विभिन्न प्रकार के कारगर उपाय सुनिश्चित किये जा रहे है, जिसके तहत न केवल पराली प्रबंधन के लिए निशुल्क बेलर उपलब्ध कराये जा रहे है। बल्कि अधिकारी भी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए किसानो को समझाइस दे रहे है। इसी क्रम में एसडीएम गगन सिंह मीना एवं तहसीलदार बड़ौदा सुरेश राठौर द्वारा अपनी टीम के साथ ग्राम रीझा एवं ग्राम सलमान्या क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खेतों में पराली जलाए जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा दमकल वाहन की सहायता से खेतों में जल रही पराली को बुझवाकर आग पर नियंत्रण किया गया। इस दौरान संबंधित किसानों एवं ग्रामवासियों को पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई।

कई लोगों को मौके पर मिला योजनाओ का लाभ

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कई नागरिको को शासन की विभिन्न योजनाओ का लाभ मौके पर दिया गया। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत चार हितग्राहियो मधु बाई वार्ड क्रमांक 02, रामहेत सुमन वार्ड 13, कांती आदिवासी वार्ड 14 तथा मनभर बाई वार्ड क्रमांक 04 को दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए,वहीं 3 बालिकाओ को माही सोनी पुत्री रजत सोनी, काव्या सुमन पुत्री राजेन्द्र सुमन, दिव्यांशी कुशवाह पुत्री धीरेन्द्र कुशवाह को लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभान्वित किया गया। जबकि 09 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। इसके अलावा वार्ड 09 निवासी वर्षा गुप्ता, वार्ड 11 निवासी फोरंती सुमन, वार्ड 14 निवासी मीना जाट को मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। इसी के साथ वार्ड 01 निवासी श्यामबाबू को वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत लाभान्वित कर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत 2 लाख 95 हजार की यूनिट के लिए सत्यनारायण मीणा एवं खेमराज बैरवा को लाभान्वित किया गया, योजना के तहत 50 प्रतिशत सबसिडी पर दो भैस प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अंतर्गत 2 लाख 45 हजार रूपये की यूनिट के लिए सुल्तान आदिवासी एवं रामवीर आदिवासी को लाभान्वित किया गया, इसके तहत शासन द्वारा 90 प्रतिशत सबसिडी प्रदाय की गई है।

गांधी सेवा आश्रम पहुंच कर की सहरिया मुखियाओं व बुद्दिजीवियों से की चर्चा

आदिवासी समाज के विकास का सपना था गांधीजी का:मरकाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

महात्मा गांधी का सपना था विकास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विशेषकर आदिवासियों तक पहुंचाने का और हम इसके लिए कटिबद्ध हैं। यह बात महात्मा गांधी सेवा आश्रम में सहरिया मुखियाओं एवं बुद्दिजीवियों के साथ चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम ने कही । इस अवसर पर उन्हें बताया गया है कि सहरिया संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किले में बनाये गये सहरिया संग्रहालय को शासन द्वारा किले के लीज पर दिये जाने से अन्य स्थान पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस पर मरकाम ने संस्कृति विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के प्रमुख सचिव से चर्चा कर उन्हें बताया कि वे टी आर आई विभाग के माध्यम से इस संग्रहालय हेतु स्थान एवं धन राशि उपलब्ध करा सकते हैं इस पर सहमति भी बन गई । उपस्थित सहरिया मुखियाओं ने उन्हें उनकी भूमि ,सड़क पेयजल शिक्षा की जानकारी दी इन्हीं बातों को लेकर एक आवेदन मरकाम को दिया गया।इस पर मरकाम ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर वे जिलाधीश श्योपुर से चर्चा करेंगे तथा उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर, एडवाइजर जयसिंह जादौन,प्रबन्धक शैलेन्द्र पाराशर, बालिका शिक्षा कार्यक्रम प्रमुख राधाबल्लभ जांगिड़ ने मरकाम का माल्यार्पण व शाल व शहद भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में एकता परिषद के जिलाध्यक्ष गंगाराम आदिवासी, चौरासी पंचायत के अध्यक्ष रामप्रसाद गोरछिया, छोटेलाल सेमरिया, ब्रजमोहन ब्रजेंश सहरिया रामदयाल सहरिया धारासिंह रामगोपाल सहरिया मनफूल , गंगे सहरिया, लक्ष्मण आदिवासी , सहरिया संग्रहालय के केयर टेकर आदित्य चौहान, गायत्री परिवार के चौथमल शर्मा आदि सहित कई सहरिया मुखिया उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को नगर परिषद मुंगावली में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी शिशुपाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभिषेक, और छोटू कुशवाह व एक अन्य व्यक्ति ने शराब के लिए पैसे मांगे ने देने पर मारपीट की और बाइक को तोड़ दिया। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर चाल्दा निवासी लाड़कुवंर बाई साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गजेन्द्र सिंह यादव, हल्के, काशीराम यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीठला निवासी अहिल्याबाई राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार, कुलदीप, शिवराम राजपूत ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी अमरसिंह बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आशाराम और तुलसी बंजारा ने उससे मारपीट की। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साजनमउ निवासी सुखवती बाई धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है शिवचरण धानक ने उससे मारपीट की।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। सेहराई पुलिस ने चिरोली निवासी मोहन मोगिया के पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने ही अचलगढ़ निवासी शंकर आदिवासी के पास से 5 लीटर शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने बर्रा निवासी करतार सिंह से 5 लीटर शराब बरामद की है।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर सेमरखेड़ी निवासी रजनी परिहार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मर्ग की जांच सहायक उपनिरीक्षक दीवान सिंह द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने पति दीपक परिहार पर मामला दर्ज किया है। जिसके द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया गया जिस पर से उसकी पत्नि ने फांसी लगा ली थी।

महाविद्यालय अब राजकुमार सिंह यादव के नाम से जाना जाएगा

अशोकनगर। मप्र शासन के उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा द्वारा जारी आदेश में कलेक्टर के प्रतिवेदन के बाद शासकीय ईसागढ़ महाविद्यालय का नामकरण परिवर्तित कर राव राजकुमार सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय किए जाने की सहमति दी गई है। आगे से इस महाविद्यालय को इसी नाम से जाना जाएगा।

आकाश में छाए रहे बादल, चलनी से चांद देखने महिलाएं उत्सुक नजर आईं

महिलाओं ने सज धज कर पूरे दिन व्रत रखा, पति की लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



हर वर्ष करवा चौथ का दिन महिलाओं में एक नईं उमंग और उत्साह लेकर आता है, यह पर्व महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है जो पूरे वर्ष में एक बार मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ पर महिलाओं ने खूब सजधज कर इस पर्व को मनाया। लेकिन मौसम की बेरूखी भी नजर आई, महिलाएं सजधज कर हाथ में चलनी लेकर आसमान की ओर तकते हुए चांद को चलनी में कैद करने के लिए बेताव नजर आईं। चांद बादलों में छुपा रहा, लेकिन उम्मीदे पूरी तरह जारी रहीं। इस तरह के सारे नजारे इस बार करवाचौथ पर देखने को मिले। महिलाओं ने पहले चांद के दर्शन करने के प्रयास किए बाद में थाली में चांद बनाकर दिए के साथ करवा चौथ का पर्व मनाया। पहले पति को जल पिलाया बाद में महिलाओं ने अपना उपवास तोड़ा।

महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा, शुभमुहूर्त में पूजा की

करवा चौथ का पर्व पति और पत्नी के बीच आपसी स्नेह और विश्वास का पर्व है। भारतीय संस्कृति का यह अनुपम पर्व है जो हर वर्ष मनाया जाता है। इस पर्व पर महिलाएं कई दिन पहले से मनाने की तैयारी करती हैं इस दिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा की सामग्री खरीदने के बाद शुभ मुहूर्त में पूजा की और उसके बाद करवा चौथ का पर्व मनाया।

नवविवाहित महिलाओं ने पहली बार करवा चौथ का पर्व मनाया

इस दौरान महिलाएं सज सवरकर सेल्फी लेते देखी गईं। महिलाओं में कईं ऐसी नव युवतियां भी थी जिन्हे पहली बार करवा चौथ का पर्व मनाने का मौका मिल रहा था। उनके लिए यह नया अनुभव था कई महिलाएं ऐसी थी जो लंबे समय से करवा चौथ का पर्व मनाती आ रही हैं। उन्होंने नव विवाहित युवतियों को करवा चौथ कैसे मनाते हैं इससे अवगत कराया।

अशोकनगर शहर के मकानों की छत पर रात को शुभ मुहूर्त में चांद के निकलते ही महिलाएं छत पर देखी गई उनके हाथ में चलनी नजर आई और चलनी में अपने पति के दीदार करते हुए देखी गई। इस दौरान कई पतियों ने भी पत्नियों के साथ उपवास रखा। जिनके पति या पत्नि एक स्थान पर नहीं थे उन्होंने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से इस पर्व को मनाया। शाम के बाद सोशल मीडिया पर अनेक जोडे अपने



फोटो अपलोड करते देखे गए।

पंजाबी समाज की महिलाएं गुरूद्वारा पहुंची और करवाचौथ का पर्व मनाया

इसके अलावा पंजाबी समाज की महिलाओं ने हर वर्ष की तरह इस बार शाम की अवधि में गुरुद्वारा पहुंचकर करवा चौथ का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाएं अपने हाथों में दीपक लेकर थाली बदलते हुए नजर आईं। एक गोल घेरे में महिलाओं को बैठा हुआ देखा गया यहां महिलाओं ने सेल्फी ली और करवा चौथ का पर्व मनाया। यह करवा चौथ का पर्व इस समाज की महिलाओं को अलग ढंग से मनाते हुए देखा गया। शहर में करवा चौथ के पर्व पर अनेक घरों में दीपक भी जलते हुए देखे गए। यह पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस करवा चौथ के पर्व पर शहर में बड़ा कारोबार होते हुए भी देखा गया। गहनों से लेकर साड़ियों की दुकान पर और श्रृंगारिक सामग्री की दुकानों के साथ ब्यूटी पार्लरों पर भी महिलाओं ने खूब खरीददारी की। इस दौरान बाजार में कारोबार भी चमकते हुए देखा गया अनेक साड़ी विक्रेताओं ने बताया कि उनका कारोबार जितना करवा चौथ पर हो जाता है उतना कारोबार दीपावली के पर्व पर भी नहीं होता। पूरे वर्ष में सबसे ज्यादा साड़ियों की बिक्री करवा चौथ के पर्व पर होती है।

ग्रामीण क्षेत्र की चार खिलाड़ियों ने...

अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट लक्ष्य के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एथलेटिक्स, शतरंज एवं कुश्ती का प्रशिक्षण देकर उनकी खेल प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर मिल रहे हैं।

प्रोजेक्ट लक्ष्य से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की चार प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंजलि चौरसिया, अमृता चौरसिया, शुभ्रा ठाकुर एवं सलोनी ठाकुर ने अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की। इन खिलाड़ियों ने रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम उपविजेता रही। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रोजेक्ट लक्ष्य के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण एवं अवसर प्रदान करने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम हैं। उनकी सफलता से अन्य ग्रामीण बच्चों को भी खेलों में आगे बढ़ने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी।

प्रोजेक्ट लक्ष्य का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण एवं बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार करना है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया

अशोकनगर। थाना कचनार कि अंतर्गत आने वालें गांव अखाईटपपा निवासी सोनू श्रीवास्तव ने थाना कचनार में लिखित आवेदन दिया कि मेरा भाई कल्ला श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष जो विगत 7 अक्टूबर से घर से बिना जानकारी के कहीं चला गया है, जिसकी दिमागी हालत कमजोर है। हमने सभी जगह तलाश कर लिया है किन्तु उसका कहीं अता पता नहीं है जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

लूट की वारदात मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना शाढौरा पुलिस ने 3 नबंबर 2025 को घटित लूट की वारदात के प्रकरण में आरोपी सरवन पुत्र रूपसिंह कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी बिरयाई का ढेरा थाना कुंभराज जिला गुना एवं अनिकेत पुत्र गौतम कंजर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बिरयाई, थाना कुंभराज जिला गुना को गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों आरोपी जिला जेल गुना में अपराध क्रमांक 216/26, धारा 394, 395, 120-बी एवं 397 भादवि के अंतर्गत निरुद्ध थे। प्रकरण में उनकी संलिप्तता सामने आने पर शाढौरा पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रकरण में पूर्व में 03 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है तथा शेष आरोपियों के संबंध में विवेचना एवं पतारसी की कार्यवाही निरंतर जारी है।

वर्तमान समय डिजिटल युग का समय है: डॉ. रश्मि जैन

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल साक्षरता एवं एआई कौशल पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की ओर से डिजिटल साक्षरता एवं एआई कौशल विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल तकनीक के प्रति जागरूक करना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के वर्तमान एवं भविष्य में बढ़ते महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम में छात्राओं को डिजिटल साक्षरता, एआई टूल्स के उपयोग तथा एआई के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं करियर के अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग का समय है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी के लिए डिजिटल दक्षता एवं तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को एआई जैसी नवीन तकनीकों को सीखने, उनका सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करने तथा अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग विद्यार्थियों के ज्ञान, रोजगार क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

कार्यक्रम प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी ने छात्राओं को डिजिटल साक्षरता एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न एआई टूल्स, उनके उपयोग, अध्ययन एवं दैनिक कार्यों में उनकी उपयोगिता तथा एआई के क्षेत्र में उभरते रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक एवं सुरक्षित उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निशी भदौरिया द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विषय से जोड़ते हुए प्रभावी ढंग से संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी ने प्राचार्य, समस्त कॉलेज स्टाफ एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

जिला परिवहन अधिकारी ने वाहनों की चेकिंग कर चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा जिले की तहसील शाढौरा में वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें स्लीपर/ डंपर/ओवरलोड एवं अन्य छोटे वाहनों से नियम विरुद्ध संवालन करने पर चालानी कार्यवाही कर समझौता शुल्क के रूप में 6 वाहनों से 40000 रूपये की राशि वसूल की गई। वाहन संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वाहन बिना परमिट,बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण अग्निशमन यंत्र, पैनिक बटन,वीएलटीडी डिवाईस एवं जीपीएस के बिना यदि कोई वाहन संचालन करते पाया जाता है तो मोटरयान नियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है।

संगठित रूप से जुआ खेलते 7 आरोपियों को पकड़ा

अशोकनगर। थाना देहात पुलिस ने ग्राम तरावली स्थित चंद्रमौली ढाबे के पीछे दबिश देकर संगठित रूप से जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 1,45,000 नगद व ताश के पत्तों की गड्डी जब्त की। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तरावली में चंद्रमौली ढाबे के पीछे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक उपरांत थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां जुआ खेलते हुए वृंदावन साहू निवासी शंकरपुर मगरदा, राहुल जैन निवासी बजरिया मोहल्ला, हरिओम रघुवंशी निवासी पठार मोहल्ला, विजय बैनर्जी निवासी पुराना बस स्टैंड, दिलीप धाकड़ निवासी शंकरपुर मगरदा, यशवंत धाकड़ निवासी कलारी मोहल्ला एवं सौरभ रघुवंशी निवासी गायत्री मंदिर गली को पकड़ा गया। मामले में थाना देहात में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का प्रशिक्षण आयोजित

शाढ़ौरा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन म्यापुर मे सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण, पंजीयन तथा चाय के साथकर किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह रघुवंशी नवांकुर संस्था के सचिव विवेक रघुवंशी सहायक सचिव कृष्ण कुमार रघुवंशी परामर्शदाता बलवीर सिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने प्रस्फुटन समितियों द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की समीक्षा की। और आगामी कार्य योजना बनाई उन्होंने उपस्थित सदस्यों से नशामुक्त भारत अभियान, पर्यावरण और जल संरक्षण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई स तथा सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह ने सभी से अपील कि हमें सरकार के सब अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। परामर्शदाता बलवीर सिंह यादव ने समितियों के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी और पोर्टल पर गतिविधियों को अपलोड करने की प्रक्रिया, बैठक रजिस्टर के संधारण तथा वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड को पूरी पारदर्शिता के साथ रखने के तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नवअंकुर संस्था के सचिव द्वारा किया गया की। सभी समितियों के पदाधिकारी व नवांकुर सखियों को कार्यक्रम के अंत में प्रमाण-पत्र देखकर सम्मानित किया स जबकि आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने किया।

खेल प्रतियोगिताओं में गोला फेंक और लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे छात्र-छात्राओं के गोला फेक एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों की लम्बी कूद प्रतियोगिता में मैकेनिकल ब्रांच के बंटी बंजारा ने प्रथम स्थान तथा गुलफान अंसारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के विनीत कुशवाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वही छात्राओं की लम्बी कूद प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की अनुष्का पराशर ने प्रथम स्थान इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की शिवानी साहू ने द्वितीय स्थान एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच की रिशिका केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद संस्था के ग्राउंड में छात्र-छात्राओं की शॉट पुट (गोला फेक) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के रोहित बघेल ने प्रथम तथा यश रघुवंशी ने द्वितीय स्थान एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच के प्रवीण केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं शॉट पुट (गोला फेक) में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की अनुष्का पराशर ने प्रथम, इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की तमन्ना यादव ने द्वितीय तथा सिविल ब्रांच की काजल गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज संस्था में क्रीडा प्रतियोगिताओं का समापन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में संस्था के आशु गुरहा, अंकुर सोनी, हेमंत सुमन, आनंद कुमार उके, अंकित साहू, सतपाल सिंह चैधरी, संजय अहिरवार, पुरषोत्तम ठाकुर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता, व्याख्याता मोनेश जैन, मनीष वैद्य, सचिन शर्मा, अभिषेक सोनी आदि स्टाफ मेम्बेर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

पार्षद डॉ. जय मंडल यादव ने की पानी बचाने की अपील

अमाही तालाब से मोटर डालकर पानी निकालने वालों पर कार्रवाई को लेकर सीएमओ ने एसपी को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर की जनता को आने वाले दिनों में पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है, जिसे लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा लगातार पानी बचाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी प्रसंग में नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान ने अशोकनगर एसपी राजीवकुमार मिश्रा को एक पत्र भेजकर कहा है कि अमाही तालाब से अनाधिकृत रूप से जल लेने वालों पर कार्यवाही की जाए।

एसपी को लिख गए पत्र में कहा गया है कि नगरपालिका द्वारा अशोकनगर शहर में जनता को पानी सप्लाई करने का एक मात्र स्त्रोत अमाही तालाब है इस वर्ष जिले में अल्प वर्षा होने से उक्त तालाब में पर्याप्त जल का भंडारण नहीं हो पाया है। जिससे ग्रीष्मकाल के द्वारा गंभीर जल संकट उत्पन्न होनें की आंशका है, जिसे देखते हुए तालाब के जल को अनाधिकृत रूप से पंप से लिफ्ट कर ग्रामीणों द्वारा जल का दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे दिन प्रतिदिन तालाब का जल स्तर कम होता जा रहा है। तालाब से निकाले जा रहे जल को लेकर कार्यवाही करने की मांग की गई है, इस संबंध में कलेक्टर और एसडीएम अशोकनगर तथा साथ में देहात थाना पुलिस को भी पत्र लिखा गया है।



नगर पालिका पार्षद डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव ने नगर वासियों से पानी बचाने की अपील की है। सोशल मीडिया पर जारी अपील में उन्होंने अपने वार्ड वासियों और नगर के लोगों से निवेदन किया है कि इस बार बारिश कम होने के चलते जल संकट मडरा रहा है। आने वाले गर्मियों के मौसम में पानी की आपूर्ति हो सके इसके लिए अभी से पानी की बचत जरूरी है। नगर पालिका निरंतर प्रयास करती है कि सभी के घरों में पानी पहुंचे, पानी की एक-एक बूंद अनमोल है, उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी समझदारी का परिचय दें पानी को व्यर्थ न बहाएं, जिनके नलों में टोटी नहीं लगी है, वे अपने नलों में टोटी लगवाएं, वाहन धोने में व्यर्थ पानी न बहाएं, जिससे आने वाले जल संकट का मुकाबला कर सकें। हमारे नगर पालिका अध्यक्ष, सभी पार्षद और नगर पालिका प्रशासन सभी घरों में शुद्ध जल पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बार अल्प वर्षा होने के कारण जल हमारे नगर के लिए सबसे बड़ी चुनौती हो सकता है। इसलिए पानी को बर्बादी से बचाने के लिए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। टोटी खुली न छोड़े तुरंत बंद करें, सड़कों पर पानी न फैलाएं, पाइप से आंगन में गाड़ियां न धोएं, सार्वजनिक जगह पर सड़कों पर कहीं भी लीकेज देखें तो तत्काल नगर पालिका प्रशासन को अध्यक्ष, पार्षद,सीएमओ को सूचित करें।

इनका कहना है

नगरपालिका अशोकनगर के सीएमओ द्वारा अमाही तालाब से जल निकालने वालों पर कार्यवाही के संबंध में पत्र लिखा गया है। इस संबंध में नगरपालिका जब भी कहेगी तब वह अपनी पुलिस मौके पर भेजने के लिए तैयार है।

राजीव कुमार मिश्रा, एसपी